बिहार सरकार
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग
(सांस्कृतिक कार्य निदेशालय)

**–:आवश्यक सूचना:–**

## बिहार कला पुरस्कार (2020–21) के लिए नामांकन

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बिहार कला पुरस्कार/सम्मान (2020–21) योजना के अन्तर्गत राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के लिए चाक्षुष कला/प्रदर्श कला से जुड़े संस्थाओं, कला समीक्षकों, कला इतिहासकारों, रसिकजनों और विद्वानों से पुरस्कार सम्मान हेतु उत्कृष्ट कलाकार/कला मर्मज्ञों के नाम की अनुशंसा/नामांकन/दावा अपेक्षित है।

2. अनुशंसा/नामांकन के साथ संबंधित कलाकार की सहमति पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

3. अनुशंसा/नामांकन/दावा किसी एक पुरस्कार हेतु ही किया जा सकता है।

**अनुशंसा/नामांकन निम्नांकित पुरस्कार के लिए किये जाने हैं:–**

**क) चाक्षुष कला क्षेत्र में कलाकारों का**

1. राधा मोहन पुरस्कार (समकालीन कला/आर्ट फोटोग्राफी कला)
2. कुमुद शर्मा पुरस्कार–समकालीन कला के क्षेत्र में (महिला कलाकार)
3. सीता देवी पुरस्कार (लोक कला)
4. दिनकर पुरस्कार (चाक्षुष कला लेखन)

**ख) प्रदर्श कला क्षेत्र के कलाकारों का**

1. पं0 रामचतुर मल्लिक पुरस्कार (शास्त्रीय गायन)
2. भिखारी ठाकुर पुरस्कार (रंगमंच)
3. विन्ध्यवासिनी देवी पुरस्कार (लोक गायन)
4. रामेश्वर सिंह काश्यप पुरस्कार (प्रदर्श कला लेखन)
5. बिस्मिल्लाह खाँ पुरस्कार (वाद्य वादन)
6. अम्बपाली पुरस्कार (शास्त्रीय नृत्य/लोकनृत्य)

**ग) प्रदर्श कला के लिए (राष्ट्रीय स्तर) राष्ट्रीय सम्मान**

**घ) चाक्षुष कला के लिए (राष्ट्रीय स्तर) राष्ट्रीय सम्मान**

**ड़) राज्य के दो वरिष्ठ कलाकार (चाक्षुष एवं प्रदर्श कला) को लाइफ टाईम एचीवमेंट पुरस्कार**

4. उपर्युक्त कंडिका 'क' एवं 'ख' में अंकित प्रत्येक पुरस्कार राज्य के चाक्षुष एवं प्रदर्श कलाओं में सृजनरत एक स्थापित कलाकार एवं एक नवोदित कलाकार को प्रदान किये जायेंगे। नवोदित कलाकार हेतु कलाकार की न्यूनतम आयु 15 वर्ष अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। आयु का निर्धारण 1 जुलाई, 2020 के आलोक में किया जायेगा। इसके लिए अभिप्रमाणित जन्म तिथि प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

5. स्थापित वरिष्ठ कला पुरस्कार हेतु 40 वर्ष से उपर की आयु सीमा होगी परन्तु Extra Ordinary Achievement की स्थिति में न्यूनतम आयु सीमा को क्षांत किया जा सकता है।

6. कंडिका 'ग' एवं 'घ' के लिए राष्ट्रीय स्तर के राज्य एवं राज्य के बाहर के नामचीन कलाकार तथा 'ड' के लिए बिहार राज्य के कलाकार, जिन्होंने जीवन का अधिकांश भाग/न्यूनतम 25 वर्षों से अनवरत चाक्षुष एवं प्रदर्श कला के क्षेत्र में रचनात्मक कार्य करते हुए राज्य में सामाजिक, सांस्कृतिक सद्भावना बनाने एवं सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है का नामांकन/अनुशंसा किया जा सकता है।

196

7. नामांकन/अनुशंसा के साथ विहित प्रपत्र में आवेदक को अपना परिचय, नाम, पता, ईमेल एवं दूरभाष संख्या (बैंक खाता से लिंक), पैन संख्या तथा आधार संख्या स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए साक्ष्य के रूप में संलग्न कर (**बैंक खाता के अनुसार हिन्दी एवं अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में नाम, बैंक का नाम, शाखा, खाता का प्रकार, खाता सं0 तथा IFSC CODE के साथ**), पूरा पता, बायोडाटा, साक्ष्य आदि के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

8. चाक्षुष एवं प्रदर्श कला के क्षेत्र में दिये जानेवाले पुरस्कारों क्रमशः दिनकर पुरस्कार तथा रामेश्वर सिंह कश्यप पुरस्कार के लिए समाचार पत्रों में प्रकाशित आलेख/समीक्षा को आधार नहीं माना जाएगा, बल्कि इसके लिए संबंधित क्षेत्रों में पुस्तक प्रकाशित होना आवश्यक होगा।

9. बिहार कला पुरस्कार हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ कलाकार अपनी कला से संबंधित राज्य स्तर/राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शन के दस सबसे महत्पूर्ण प्रदर्शनों को साक्ष्य, फोटोग्राफ इत्यादि के साथ समर्पित करेंगे। मात्र अखबार में छपी कतरन को कलाकारों की उपलब्धि का साक्ष्य नहीं माना जायेगा।

10. अनुशंसा पत्र में स्पष्ट रूप से अंकित करना होगा कि उक्त कलाकार की अनुशंसा किस वर्ग, सम्मान/पुरस्कार के लिए है।

11. कलाकार के नाम एवं बैंक खाता में अंकित नाम में अंतर नहीं होना चाहिए, ताकि पुरस्कार हेतु चयन उपरांत पुरस्कार राशि से संबंधित चेक/ड्राफ्ट निर्गत करने में कोई कठिनाई नहीं हो।

12. पुरस्कार हेतु चयन समिति के निर्णय को अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकेगी।

13.पुरस्कार/सम्मान के लिए नामांकन/अनुशंसा/दावा **दिनांक–**10.01.2021 तक **निदेशक, सांस्कृतिक कार्य, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार, पटना कमरा सं0–321, तृतीय मंजिल, विकास भवन, बेली रोड, पटना** के पते पर हाथों–हाथ या डाक से उपलब्ध कराया जा सकता है।

निदेशक,<br>
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय,<br>
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग<br>
बिहार, पटना।

# बिहार कला पुरस्कार/सम्मान

## विहित प्रपत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पुरस्कार का नाम | :– | |
| | श्रेणी (नवोदित/स्थापित) | :– | |
| 2 | आवेदक का नाम<br>(बैंक खाता के नाम के अनुसार हिन्दी एवं अंग्रेजी में) | :– | नाम (हिन्दी)–<br>नाम (अंग्रेजी –<br>Capital letter में) |
| 3 | जन्म तिथि (संलग्न प्रमाण–पत्र के अनुसार) | :– | |
| 4 | आवेदक का 01.07.2020 को उम्र | :– | |
| 5 | पिता/पति का नाम | :– | |
| 6 | आवेदक का पत्राचार का पूर्ण पता (पिन कोड सहित) | :– | |
| 7 | आधार संख्या (संलग्न साक्ष्य के अनुसार) | :– | |
| 8 | दूरभाष सं0/मोबाईल नं0 (बैंक खाता से लिंक) | :– | |
| 9 | पैन नं0 (संलग्न साक्ष्य के अनुसार) | | |
| 10 | Email ID (Capital letter) | :– | |
| 11 | बैंक खाता की विवरणी<br>(संलग्न साक्ष्य के अनुसार) | :– | बैंक खाता सं0–<br>बैंक खाता का प्रकार–<br>बैंक का नाम–<br>बैंक शाखा का नाम–<br>IFSC Code- |
| 12 | उपलब्धियाँ (संलग्न साक्ष्य के अनुसार) | :– | |
| 13 | अनुशंसा करनेवाले प्रस्तावक का नाम, पता एवं दूरभाष/मोबाईल सं0 | :– | |

मैं .................................................................... घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त अंकित सभी विवरणी सत्य है।

आवेदक का हस्ताक्षर